# पीएफसी कन्सल्टिंग लिमिटेड

(पीएफसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)
पंजीकृत कार्यालयः प्रथम तल, ''ऊर्जानिधि'', 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस,
नई दिल्ली 110001, (भारत) फैक्सः 011–23443990

## वैश्विक आमंत्रण (केवल ई–निविदा के माध्यम से)

### अन्तर्राज्यीय पारेषण परियोजनाओं के लिए निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और स्थानांतरण (बूट) आधार पर पारेषण सेवा प्रदाता के चयन हेतु

**पीएफसी कन्सल्टिंग लिमिटेड,** पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (भारत सरकार का एक उपक्रम) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी ''प्रस्ताव हेतु अनुरोध'' (आरएफपी) के एकल चरण दो लिफाफा प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और स्थानांतरण (बूट) आधार पर पारेषण परियोजनाओं की स्थापना के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

इच्छुक बोलीदाता वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com** और **https://www.pfcclindia.com** पर उपलब्ध आरएफपी अधिसूचना और आरएफपी दस्तावेजों का अवलोकन कर सकते हैं।

निविदादाता अ–प्रतिदेय शुल्क रु. 5,00,000/– या यूएसडी 7,000 प्लस लागू जीएसटी /18 प्रतिशत का भुगतान करके आरएफपी दस्तावेज 19.10.2023 से निम्नलिखित परियोजनाओं के लिए निविदा जमा तिथि से एक कार्यदिवस पूर्व तक 10:30 बजे (आईएसटी) से 16:00 बजे (आईएसटी) के बीच सभी कार्यदिवसों में 9वां तल, विंग–ए, स्टेट्समैन हाउस, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, फोनः 91-11-23443996; फैक्सः 91-11-23443990; ई–मेलः **pfccl.itp@pfcindia.com** से प्राप्त कर सकते हैं। आरएफपी दस्तावेज **https://www.mstcecommerce.com** एवं **https://www.pfcclindia.com** से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं, यद्यपि ऐसे मामले में इच्छुक पार्टियां आरएफपी के उत्तर जमा करते समय अलग से अ–प्रतिदेय शुल्क रु. 5,00,000/– या यूएसडी 7,000 प्लस लागू जीएसटी /18 प्रतिशत जमा कर सकते हैं। सर्वेक्षण रिपोर्ट एवं आरएफपी दस्तावेजों पर स्पष्टीकरण केवल उन निविदादाताओं को जारी किया जाएगा जो निविदा जमा तिथि से न्यूनतम एक कार्यदिवस पूर्व तक किसी भी कार्यदिवस में अपेक्षित शुल्क का भुगतान करके आरएफपी दस्तावेज खरीद/प्राप्त कर चुके हैं। निविदादाता किसी भी स्पष्टीकरण/संशोधन/समय विस्तार आदि, यदि कोई हो, के बारे में नवीनतम जानकारी हेतु वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें। इस संबंध में महत्वपूर्ण समय–सारणी निम्नानुसार हैः

| क्र. सं. | पारेषण योजना का नाम | स्पष्टीकरण प्राप्त करने की अंतिम तिथि (दिन/माह/वर्ष) | आरएफपी के उत्तर जमा करने की अंतिम तिथि (दिन/माह/वर्ष) | आरएफपी के उत्तर खोलने की तिथि (दिन/माह/वर्ष) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चरण–IV (7 गीगावॉट) के तहत गुजरात के खावड़ा क्षेत्र में संभावित नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से विद्युत की निकासी के लिए पारेषण प्रणालीः भाग बी | 08/11/2023 | 26/12/2023 को 15:00 बजे (आईएसटी) तक | 26/12/2023 को 15:30 बजे (आईएसटी) तक |
| 2. | चरण–IV (7 गीगावॉट) के तहत गुजरात के खावड़ा क्षेत्र में संभावित नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से विद्युत की निकासी के लिए पारेषण प्रणालीः भाग डी | 08/11/2023 | 27/12/2023 को 15:00 बजे (आईएसटी) तक | 27/12/2023 को 15:30 बजे (आईएसटी) तक |
| 3. | राजस्थान आरईजेड चरण–IV (भाग–2: 5.5 गीगावॉट) (जैसलमेर/बाड़मेर कॉम्प्लेक्स) से विद्युत निकासी के लिए पारेषण प्रणालीः भाग डी | 08/11/2023 | 28/12/2023 को 15:00 बजे (आईएसटी) तक | 28/12/2023 को 15:30 बजे (आईएसटी) तक |

**टिप्पणी :** पीएफसी कन्सल्टिंग लिमिटेड बिना कोई कारण बताए और बिना कोई जिम्मेदारी लिए प्रक्रिया को निरस्त या संशोधित करने का अधिकार रखता है। यह कोई प्रस्ताव नहीं है।

**बोली प्रक्रिया समन्वयक**

पीएफसी कन्सल्टिंग लिमिटेड
(पीएफसी लिमि. की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)
(भारत सरकार का उपक्रम)

**पहल कर्ता**

सत्यमेव जयते
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

**पहल साझेदार**

केविप्रा cea
केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण